आरएनआई / पीआरजीआई नं. : 59755/94
डाक पंजीयन संख्या : मेरठ-232-2026-28



ताजा समाचारों के लिए हमारा एंड्रॉयड ऐप डाउनलोड करें
harikamaldarpan.com

केन्द्र व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शासकीय विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक

# हरिकमल दर्पण

सम्पादक : निरंजन सिंह पाल मो. : 9358430959 Email : niranjanpal10021963@gmail.com

वर्ष 33 अंक 34 मेरठ, शनिवार 12 सितंबर, 2026 Website:- harikamaldarpan.com कुल पृष्ठ : 8 मूल्य : दो रुपये

## शादी में फिजूलखर्ची रोकने को पलवल में 52 पाल की महापंचायत ने लिए 22 कड़े फैसले

**पलवल।** शादी की फिजूलखर्ची खत्म करने के लिए गांव मंडकोला में 6 सितंबर को हुई 52 पाल की महापंचायत में सर्वसम्मति से कई अहम फैसले लिए गए। इस महापंचायत में करीब 10 हजार लोगों ने हिस्सा लिया। 36 बिरादरी और 52 पाल की ऐतिहासिक महापंचायत में एनसीआर भर से जुटे करीब दस हजार लोगों की मौजूदगी में एकमत से 22 कड़े फैसले लिए, जिनमें एक रुपये में सगाई, शादियों में डीजे व शराब पर पूर्ण पाबंदी, मृत्युभोज पर रोक और जेवरात की सीमा तय करने जैसे बड़े सुधार शामिल हैं। मंडकोला में सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक चली इस महापंचायत की अध्यक्षता 52 पाल के अध्यक्ष अरुण जेलदार ने की। इसमें विभिन्न पालों के अध्यक्षों समेत कई जनप्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया। अरुण जेलदार ने फैसलों की जानकारी



देते हुए बताया कि अब सगाई की रस्म में लड़के को केवल एक रुपया, पांच कपड़े और एक किलो मिठाई दी जाएगी। सगाई की रस्म के लिए अधिकतम पांच लोग ही जा सकेंगे। इसी तरह शादियों में बारात का आकार भी सीमित कर दिया गया है; अब बारात में अधिकतम 51 लोग ही शामिल हो सकेंगे। विवाह समारोहों में केवल शाकाहारी और सात्विक भोजन ही परोसा जाएगा, साथ ही बेहिसाब मिठाई और ढेरों व्यंजन बनाने से बचने की सख्त अपील की गई है। महापंचायत में हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम, उत्तर प्रदेश के मंत्री लक्ष्मी नारायण, हरियाणा के विधायक रघुबीर सिंह तेवतिया, आफताब अहमद, इसराइल समेत कई पूर्व मंत्री-विधायक सहित विभिन्न पालों के अध्यक्ष शामिल हुए। यह भी तय किया गया कि कन्यादान के रूप में अधिकतम 11 हजार रुपये ही दे सकेंगे। दहेज में लग्जरी गाड़ी, नकद राशि और अन्य महंगा सामान देने पर पूरी तरह रोक रहेगी। शादी हो या निकाह-डीजे और शराब पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। शादियों में जेवरात के लेन-देन को सीमित करते हुए दो तोला से ज्यादा सोना और 100 ग्राम से ज्यादा चांदी देने पर पाबंदी लगा दी गई है। महापंचायत के फैसलों का पालन सुनिश्चित करने के लिए तीन कमेटियां बनाई जाएंगी। ये तीनों कमेटियां मिलकर नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करेंगी। ग्रामीण और रिश्तेदार ऐसे परिवारों के कार्यक्रमों का बहिष्कार भी करेंगे। -ब्यूरो

## सपा ने अनिल पाल को सौंपी 4 जिलों में प्रचार की जिम्मेदारी

**नोएडा।** मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव अनिल पाल निवासी ग्राम गेझा सेक्टर 93 नोएडा को 4 जिलों में नुक्कड़ मीटिंग कर समाजवादी पार्टी द्वारा किए गए जनकल्याण के कार्यों का प्रचार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वे जनता की राय को लखनऊ पार्टी कार्यालय में पेश करेंगे। सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने 7 सितंबर को इस संबंध में पत्र जारी किया। उन्हें गाजियाबाद, बुलंदशहर, सहारनपुर व मुजफ्फरनगर की जिम्मेदारी देकर सपा नेतृत्व ने पाल समाज का सम्मान बढ़ाया है। अनिल पाल अखिल विश्व पाल क्षत्रिय महासभा की युवा इकाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं। वे किसान परिवार से हैं और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में युवाओं पर मजबूत पकड़ रखते हैं। वे समाज के दुख-दर्द में हमेशा साथ रहते हैं। बनारस में मणिकर्णिका घाट



सत्ता द्वारा तोड़े जाने पर उन्होंने बनारस जाकर विरोध प्रदर्शन किया था। मेरठ के अनुष्का पाल हत्याकांड, कानपुर के सौरभ पाल, एटा के तनिषा पाल हत्याकांड को लेकर भी उन्होंने जबरदस्त विरोध दर्ज कराया था और मौके पर जाकर पीड़ित परिजनों की मदद की थी। समाजवादी पार्टी द्वारा उन्हें 4 जिलों में प्रचार की जिम्मेदारी दिए जाने से उनके समर्थकों में हर्ष व्याप्त है। हरिकमल दर्पण परिवार की ओर से उन्हें बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएँ। -सम्पादक




कृष्ण पाल वीरेन्द्र कुमार पाल गौरव कुमार पाल

मो. 9837651757
7417578902
9068344035
8826455546

**कृपाल टाईल्स एण्ड सैनेट्री स्टूडियो**

जोहनसन एवं सेरा कंपनियों के अधिकृत विक्रेता

भगवती प्लाजा, 568/1, सैनिक विहार, डिवाइडर रोड, कंकरखेड़ा, मेरठ

**कृपाल मार्बल एवं धर्मकांटा**

सभी प्रकार के मार्बल और ग्रेनाइट के विक्रेता

पता : मेरठ-परतापुर बाईपास, ग्रांड फाइव के सामने, दायमपुर, कंकरखेडा, मेरठ

**कृपाल सटरिंग सप्लायर**

हमारे यहाँ गाटर, तख्ते, चाली, बल्ली, फावड़े, सीढ़ी, संदली, झुरमुट, तसले, कोलम फर्मे आदि उचित किराये पर मिलते हैं।

पता : निकट टाटा इंडीकॉम टॉवर, रामनगर, कंकरखेडा, मेरठ


## योगासन खिलाड़ी भारती पाल ने थाईलैंड में जीता स्वर्ण पदक

**दिल्ली।** भारत की युवा योगासन खिलाड़ी भारती पाल ने थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में आयोजित 4वीं युवाईएसएफ एशिया पैसिफिक योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए देश का नाम रोशन किया है। भारती पाल ने ट्रेडिशनल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। बैंकॉक में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में 7 देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। थाईलैंड, मलेशिया, वियतनाम, श्रीलंका और बांग्लादेश सहित विभिन्न देशों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के बीच भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए भारती पाल ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से तिरंगे का मान बढ़ाया। भारती पाल ने पारंपरिक योगासन स्पर्धा में अद्भुत संतुलन, लचीलापन, एकाग्रता और शारीरिक नियंत्रण का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत



का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक हासिल करना भारती पाल के लिए ही नहीं, बल्कि उनके परिवार, प्रशिक्षकों, विद्यालय और पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। बैंकॉक की धरती पर भारती पाल ने अपने शानदार प्रदर्शन से भारत का तिरंगा ऊँचा किया और दुनिया के सामने भारतीय योगासन की शक्ति एवं प्रतिभा का गौरवपूर्ण परिचय दिया। उनकी इस उपलब्धि के लिए स्वाभिमान शिक्षा संस्कृति ट्रस्ट (रजि.) की ओर से महेश पाल एवं जे.डी. पाल ने बधाई दी है। हरिकमल दर्पण परिवार की ओर से उन्हें बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएँ। -सम्पादक

## पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बनाया 'शूद्र सेवा संघ'

**बंगलुरु।** कर्नाटक सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने ओबीसी के यूनिवर्सिटी एवं कॉलेजों के छात्रों को राजनीति में प्रवेश करने एवं उन्हें राजनीति की सोच समझ रखने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु 'शूद्र सेवा संघ' के नाम से संगठन बनाकर पूरे कर्नाटक में मीटिंग चालू कर दी हैं। -ब्यूरो



## रामरती पाल नहीं रहीं

**मेरठ।** भोला रोड स्थित ग्राम इदरीशपुर निवासी ओमप्रकाश पाल (बीडीसी) की धर्मपत्नी श्रीमती रामरती पाल का 6 सितंबर को तड़के लगभग ढाई बजे स्वर्गवास हो गया। वे लगभग 75 वर्ष की थीं और काफी समय से बीमार चल रही थीं। वे अपने पीछे नाती-पौतों व पड़पौते सहित भरा-पूरा परिवार छोड़कर गई हैं। उनका अंतिम संस्कार गांव के शमशान घाट पर किया गया। मुखाग्नि उनके पुत्र हरेन्द्र पाल ने दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। उनकी रस्म-तेरहवीं 13 सितम्बर को होगी। हरिकमल दर्पण परिवार दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता है। -सम्पादक



## पावरलिफ्टर कमल किशोर पाल किर्गिस्तान गए

**मऊ।** पाल समाज के उपाध्यक्ष कमल किशोर पाल विश्व पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रूस के शहर किर्गिस्तान में गए हैं। उन्होंने राज्य स्तर पर अनेक पुरस्कार जीतकर मध्य प्रदेश व पाल समाज का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने अखिल भारतीय स्तर पर भी अनेक पुरस्कार प्राप्त किए हैं जिसमें गोल्ड मेडल व सिल्वर मेडल शामिल हैं। -ब्यूरो






# हरिकमल दर्पण

## जी का जंजाल बना आरक्षण!



*भारत में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का आरक्षण जी का जंजाल बन गया है। एक लम्बे संघर्ष के बाद देश में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण मिला था, हालांकि ओबीसी की जनसंख्या लगभग 52 फीसदी है। फिर भी केन्द्र से लेकर विभिन्न प्रदेश सरकारों ने इस 27 प्रतिशत आरक्षण का भी पूरा लाभ ओबीसी को नहीं दिया। भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा देश में जनगणना के लिए जो फार्म तैयार किया गया है उसमें ओबीसी का कालम ही नहीं है जिससे इस जनगणना का कोई लाभ ओबीसी को मिलने वाला नहीं है। ओबीसी समाज जनगणना के फार्म में ओबीसी के लिए अलग कालम की मांग कर रहा है लेकिन ऐसा लगता है कि सरकार फिलहाल इसके लिए तैयार नहीं है। वैसे भी, ओबीसी आरक्षण अब मात्र झुनझुना ही साबित हो रहा है क्योंकि प्रत्यक्ष रूप से देखा जा रहा है कि विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के परिणाम में ओबीसी का कटआफ सामान्य वर्ग के परीक्षार्थियों से भी ऊपर रहता है। ईडब्ल्यूएस का लाभ भी ओबीसी समाज को नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में अब ओबीसी समाज के सामने बड़ा आंदोलन चलाने के अलावा और कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा है। भाजपा सरकार ओबीसी की सबसे बड़ी दुश्मन प्रतीत हो रही है लेकिन शायद ओबीसी समाज को अभी यह पूरी तरह समझ नहीं आ रहा है।*

*इस हफ्ते इन्हीं शब्दों के साथ जय पाल समाज!*

**-निरंजन सिंह पाल**

## धनगर समाज के युवाओं से एक जरूरी अपील!

उत्तर प्रदेश में गडरिया की उपजाति धनगर के संवैधानिक अधिकार और पहचान को लेकर समाज के अनेक जागरूक लोग लगातार अभियान चला रहे हैं। व्हाट्सऐप और सोशल मीडिया के माध्यम से भी लोगों को उनकी सही पहचान और अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। फिर भी यदि किसी युवा को आज भी 'पाल, बघेल, गड़ेरिया' लिखने में ही गौरव महसूस होता है और 'धनगर' लिखने में संकोच या हीन भावना होती है, तो एक बार अपने माता-पिता, दादा-दादी और नाना-नानी से जरूर पूछिए–हमारी वास्तविक जातीय पहचान क्या है? याद रखिए–अपनी पहचान जानना और उसे सम्मान के साथ लिखना शर्म की बात नहीं, स्वाभिमान की बात है। यदि आपकी पारिवारिक पहचान नीखर नहीं है, तो अपनी पहचान को समझिए और अपने पूर्वजों से सत्य जानिए। केवल सामाजिक दिखावे, अज्ञानता या दूसरों की नकल के कारण अपनी पहचान बदलना स्वाभिमान नहीं, अपनी जड़ों से दूरी है। धनगर होना कोई हीनता नहीं है। धनगर अपनी पहचान है, इतिहास है और स्वाभिमान है। अब समय है कि युवा भ्रम छोड़ें, अपनी जड़ों को जानें, सही जानकारी प्राप्त करें और अपनी वास्तविक पहचान को सम्मानपूर्वक लिखें और बोलें। पहचान छिपाने में नहीं, पहचान पर गर्व करने में स्वाभिमान है।



**-गम्भीर धनगर,** आगरा
मो. 9690470266

## आरक्षण को लेकर बहस कितनी सार्थक?

आज देश की सामाजिक व राजनीतिक व्यवस्था में सबसे बड़ी बहस आरक्षण है कि किसको कितना मिलना चाहिए? यह मुद्दा सभी राजनीतिक दलों में जोरों से चल रहा है। इधर, भारत का राजपत्र 14 अगस्त 2026 भारत के महा रजिस्ट्रार व जनगणना आयुक्त द्वारा जारी किया गया। उसमें ओबीसी का कॉलम प्रश्न 10 के साथ नहीं प्रदर्शित है जिसके बारे में सामाजिक व राजनीतिक दोनों मंचों पर बहस चल रही है। अब यह तय हो चला है कि भागीदारी की लड़ाई न केवल सरकारी नौकरियों में आएगी अपितु लोकसभा, विधानसभा व अन्य विधायी निकायों में भी आएगी ही आएगी। इधर देश का युवा सरकार के सीधे विरोध में आया है कि मुझे नौकरी, शिक्षा व अच्छा स्वास्थ्य मिले। सरकारें इस ओर नहीं सोच रही हैं, वह अपनी राजनीतिक गोटियाँ चलती रहती हैं। युवाओं को पहली बार लग रहा है कि सरकार और राजनीतिक दल उसे लगातार किनारे किए जा रहे हैं तो अपने को स्थापित करने के लिए वह आगे बढ़कर बहस में आया है। हम गडरिया, पाल, बघेल समाज के ओबीसी लोग जब जाति जनगणना में ही नहीं आएंगे तो सबका विकास अपने आप में बेमानी ही होगा। इसलिए सभी को यह तथ्य समझना चाहिए कि जातिगत जनगणना हो और सब की हो। अपने देश में राजनीतिक दल भी चुनाव जीतने के लिए ही एजेंडे बनाते हैं। युवा शक्ति को इसी के लिए अपने से जोड़ते हैं। यह युवा समझ चुका है, अब इनके झांसे और नारेबाजी में नहीं आने वाला है। ऐसे में मेरी अपनी सोच है कि गडरिया, पाल, बघेल समाज के जितने भी सामाजिक संगठन हैं वह एकजुट होकर सरकार को ओबीसी जनगणना में जातीय कालम बनवाने के लिए पत्र लिखें और राजनीतिक दल भी अपने एजेंडे में ओबीसी जाति जनगणना कराने की जिम्मेदारी सच्ची नीयत से लें। यह आज के समय की सबसे बड़ी मांग है। ओबीसी समाज को राजनीतिक दलों के सिर्फ टिकट देकर लुभाने के तौर-तरीके से ऊपर उठकर उसे अपनी भागीदारी की लड़ाई खुद लड़नी पड़ेगी। यह समझें कि विधायक सांसद तो कोई एक ही बनेगा, उससे समस्त ओबीसी समाज का भला नहीं होने वाला है।



**-जगदीश प्रसाद पाल,** उन्नाव
मो. 9794866822

## सामाजिक कुरीतियों को दूर करने की कार्ययोजना बनाई जाए!

स्वतंत्रता प्राप्ति के 80 वर्ष बाद भी भारत जो पहले विश्वगुरु कहलाता था, जहां से ज्ञान की गंगा बहती है, वेद-पुराण हैं, श्रीरामचरितमानस है, गीता का ज्ञान है, अनेक विद्वान हैं जो निरंतर कथा यज्ञ योग संपन्न करने और लोगों को ज्ञान की गंगा में अवगाहन कराते रहते हैं। फिर भी दुखद बात है कि आज भी भारत के सभी राज्यों में, सभी समाजों में, सभी वर्गों में सामाजिक कुरीतियां व्याप्त हैं जो आज तक समाप्त नहीं हो पाईं। भारत जैसे विकासशील राष्ट्र में जो अब विकसित राष्ट्र बनने का दावा कर रहे हैं, सामाजिक कुरीतियां समाप्त होने के बजाय और बढ़ रही हैं जबकि सभी समाजों में बड़े-बड़े राष्ट्रीय संगठन बने हुए हैं। गंभीरतापूर्वक हम अध्ययन करते हैं तो यह जानकारी प्राप्त होती है कि सरकारी तंत्र में जो लोग बैठे हुए हैं, वह नहीं चाहते कि ऐसी कोई कार्ययोजना बने जिससे राष्ट्र में हजारों वर्षों से चली आ रही सामाजिक कुरीतियां दूर हों। लोग विकसित सोच रखने वाले, दूरदृष्टि वाले और विवेकशील बनें। इसके लिए शिक्षा व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए जिससे प्राथमिक स्तर पर ही बच्चों में ऐसी सभी सामाजिक कुरीतियों जो विकास में बाधक हैं, उनसे बाहर निकलने अथवा उसका समाधान ढूंढ लेने की क्षमता विकसित हो सके। आओ, जानते हैं ऐसी कौन-कौन सी सामाजिक कुरीतियां हैं जो समाज के विकास में सबसे बड़ी बाधा हैं-

**1. अशिक्षा :** स्वतंत्रता के 80 वर्ष बाद भी राष्ट्र में लोग पूरी तरह से शिक्षित नहीं हुए। कुछ राज्यों में तो पूर्ण साक्षरता ही नहीं है।

**2. नशे की प्रवृत्ति :** यह इतनी बढ़ चुकी है कि प्रत्येक सुख-दुख के कार्य में लोग अधिकतर नशे का सेवन करके पहुंचते हैं। इससे हमारे समाज, परिवार व राष्ट्र का विकास अवरुद्ध होता है।

**3. सामंतवादी सोच :** राष्ट्र में संवैधानिक व्यवस्था है। जमींदारी प्रथा समाप्त हो गई है किंतु आज भी लोगों की सोच में सामंतवादी विचारधारा कायम है। इसलिए समाज के पदाधिकारी आज भी पारदर्शिता नहीं रखते और अपनी ही मनमानी से चलते हैं। इससे समाज का विकास नहीं हो पाता है।

**4. सामाजिक बहिष्कार :** अपने ही समाज के लोगों का छोटी-छोटी बातों पर हुक्का-पानी बंद कर देना, उनका सामूहिक रूप से बहिष्कार कर देना आदि की अनेक घटनाएं राष्ट्र के अनेक राज्यों में बराबर हो रही हैं और इसके मामले न्यायालय में लंबित हैं। वर्तमान समय में किसी भी व्यक्ति को दंड देने का अधिकार केवल सक्षम न्यायालय को होता है। समाज सुझाव दे सकता है लेकिन दंड नहीं दे सकता। यह एक सामाजिक कुरीति है, इसके कारण भी समाज का विकास अवरुद्ध होता है।

**5. अंधविश्वास :** टोना-टोटका जैसे विषय भी समाज के लिए घातक हैं। इसका प्रचलन न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में बल्कि शहरी क्षेत्रों में भी कायम है। पढ़े-लिखे विद्वान लोग भी ऐसे अनपढ़ भगत व तांत्रिकों के चक्कर में आ जाते हैं।

**6. मृत्युभोज :** यदि किसी की मृत्यु हो जाए तो उसके लिए शांति-पाठ, श्रद्धांजलि आवश्यक होती है। ऐसे समय में बाहर से आए हुए सामाजिक, पारिवारिक एवं अन्य समाज के भाई-बहनों के लिए केवल सामान्य भोजन की व्यवस्था पहले हुआ करती थी। अब मृत्युभोज के नाम पर अनेक प्रकार के पकवान बनाए जाते हैं। इससे जो समाज के गरीब व्यक्ति होते हैं उन पर विपरीत असर पड़ता है। सामाजिक परंपराओं को छोड़कर लोग आधुनिक परंपराओं के कारण समाज के विकास को स्वयं ही अवरुद्ध करते हैं।

**7. बलि प्रथा :** देवी-देवताओं के नाम पर आज भी राष्ट्र के विभिन्न राज्यों में जानवरों के साथ ही बच्चों तक की भी बलि दी जाती है जिसके मामले न्यायालय में लंबित पड़े हुए हैं।

**8. मौखिक फरमान :** समाज के विकास में सबसे बड़ी बाधा है कि समाज की पंचायत के लोग किसी भी प्रकार से लिखित में कोई काम नहीं करते, सभी मौखिक फरमान जारी करते हैं और जो उन्हें नहीं मानते उनके प्रति व्यक्तिगत दुर्भावना रखकर उन्हें प्रताड़ित करते हैं।

**9. आर्थिक दंड :** समाज की पंचायत में लोगों को अपनी बात रखने की अनुमति भी नहीं दी जाती और उन्हें मोटी रकम का आर्थिक दंड सुना दिया जाता है। यह सबसे बड़ी सामाजिक कुरीति है।

**10. बेमेल विवाह :** बाल विवाह अथवा बेमेल विवाह की प्रथा आज भी राष्ट्र के विभिन्न क्षेत्रों में बनी हुई है। कानून होने के उपरांत भी बाल विवाह अथवा बेमेल विवाह संपन्न होते हैं। इससे समाज का विकास अवरुद्ध होता है।

**11. संस्कार का प्रशिक्षण न देना :** बच्चों को शिक्षा के लिए तो प्रोत्साहन मिलता है लेकिन संस्कारों का प्रशिक्षण समाज द्वारा नहीं दिया जाता। इसलिए बच्चे हाईस्कूल तक पहुंचते-पहुंचते माता-पिता और समाज के विरुद्ध ऐसे कदम उठा लेते हैं जिससे समाज के विकास पर प्रभाव पड़ता है।

विकसित समाज के नवनिर्माण, राष्ट्र के विकास एवं सामाजिक कुरीतियों को दूर करने हेतु समाज में लिखित में कार्ययोजना बनाई जाए और उस पर ईमानदारी के साथ काम किया जाए। सामाजिक कुरीतियों को दूर किए बिना समाज के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती।



**-नारायण प्रसाद पाली,** साहित्यकार
मो. 9575761235

## युवा पाखण्ड से बचें और प्रत्यक्ष राजनीति में आगे आएं!

आज भारत में अति पिछड़े समाजों की स्थिति और ज्यादा दयनीय हो गई है क्योंकि शिक्षा, व्यापार, प्रशासनिक सेवाओं में ये समाज पहले से ही पिछड़े थे परन्तु आज बदले राजनीतिक परिदृश्य में इनकी हालत बद से बदतर हो गई है, ऊपर से इन समाजों का युवा वर्ग इतना जागरूक नहीं है। राजनीति में आज भी ये वर्ग दूसरों की कुर्सी और तिरपाल बिछाकर उनके पीछे भाग रहे हैं। रही-सही कसर पाखण्ड ने पूरी कर दी। ब्राह्मणों ने बड़ी चतुराई से इनको कांवर, पत्थर-पूजा जैसे ढोंगों में फंसाकर रखा है ताकि समय और धन बर्बाद होता रहे और बच्चों का उच्च शिक्षा से ध्यान भटकता रहे। राजनीति और पाखण्ड के चक्रव्यूह में फंसे हैं अति पिछड़े समाज जिसमें हमारा गडरिया समाज भी आता है। हमारे गड़रिया समाज के पिछड़ने का कारण भी एक जैसा है। पाखण्ड के चक्रव्यूह में नवयुवकों को फंसाकर रखा है। कांवर उठवाना, भण्डारा कार्य में लगाना जैसे पाखण्ड के खर्चीले कार्य हैं। ऐसे कार्यों में मुख्य भूमिका समाज के ही लालच में फंसे सामाजिक भाइयों की है। थोड़े से लालच में धर्म के बहाने समाज की वोटों को मनुवादियों को दिलवाते आए हैं और समाज चुनाव लड़ने से वंचित रह जाता है। आज जरूरत है समाज हित में पाखण्ड और राजनीति के बंधन से बचकर अपने सामाजिक भाइयों को प्रत्यक्ष राजनीति में लाना होगा, वोट देकर सत्ता में भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी, तभी समाज की स्थिति सुधरेगी। राजनीति में पिछलग्गूपन से कुछ का तो भला होता रहेगा परन्तु समाज वहीं का वहीं रहेगा। इसलिए युवा पाखण्ड से बचें और प्रत्यक्ष राजनीति में आगे आएं, तभी जागरूक और शिक्षित समाज बनेगा।



**-सतबीर बघेल,** जेवर
मो. 8800120437

## असफलता को सफलता में बदलने का प्रयास करें!

जब आप कोशिश करने का जोखिम लेते हैं, तो पूरी तरह असफल होना असंभव है। हर एक के पास समस्या है, कोई भी अपने जीवन में समस्या से मुक्त नहीं है। अब आपको अपनी समस्याओं को सुलझाना और उन्हें मैनेज करना सीखना होगा और यह आवश्यक नहीं है कि हर समस्या का समाधान हो परंतु हर समस्या को सकारात्मक तरीके से मैनेज किया जा सकता है। बहुत से लोग अपने जीवन का नियंत्रण खो देते हैं। क्योंकि वे अपनी लीडरशिप को बाहरी तत्वों के हवाले कर देते हैं। हम उन कई तत्वों की चर्चा करेंगे जो अनजाने में ही आपके जीवन में लीडरशिप का स्थान ले लेते हैं। आप वह हर काम कर सकते हैं जिसे आप करना चाहते हैं। आप कुछ भी बन सकते हैं, जो आप बनना चाहते हैं। आप जहां हैं वहां से आप कहीं भी पहुंच सकते हैं। बशर्ते आप सपने बड़े देख रहे हैं और कड़ी मेहनत करने के इच्छुक हों। मैं आपको उन तीन नकारात्मक महिलाओं की कहानी सुनाता हूं, जो एक संकरी खाड़ी में रहती थीं। वे हर दिन शिकायत करती रहती थीं कि इस संकरी खाड़ी में जीवन बहुत बुरा है। यहां कोई अवसर नहीं है। दूसरे लोग शहर में रहते हैं जहां उनके सामने असीमित अवसर हैं। हमारे पास कुछ भी नहीं है। इस शिकायत के सहारे अपना जीवन गुजारते रहतीं, जब तक कि सकारात्मक सोच वाली एक महिला वहां नहीं आ गई। उनकी शिकायत को सुनने के बाद वह बोली-अवसर आपको चाहिए, आपके पास अवसर है। आप संकरी खाड़ी में रहती हैं। संकरी खाड़ी नदी तक ले जाती है। नदी खाड़ी तक ले जाती है। खाड़ी समुद्र तक ले जाती है। इसका मतलब यह है कि आप जहां हैं, वहां से आप कहीं भी जा सकते हैं। आप जिस समय से गुजर रहे हैं वह मुश्किल हो सकता है परंतु इससे सफलतापूर्वक निकलना आप पर निर्भर है। संघर्ष करने वाले लोगों में वह कौन सा रहस्यमयी तत्व होता है जो उन्हें सफल होने की क्षमता प्रदान करता है? वह मुश्किल समय में क्यों डटकर खड़े रह पाते हैं, जबकि बाकी लोग खड़े नहीं रह पाते। वे क्यों जीतते हैं, जबकि बाकी सब हार जाते हैं? वह क्यों उड़ते हैं, जबकि बाकी सब डूब जाते हैं? जवाब बहुत आसान है। इसका जवाब यह है कि वह अपनी समस्याओं को एक अलग तरीके से देखते हैं। वे समस्याओं को यथार्थवादी और व्यावहारिक ढंग से देखते हैं। वे उन सिद्धांतों को मानते हैं जो असफलता को सफलता में बदलने के लिए लागू होते हैं।



**-हरिओम सिंह बघेल,** ग्वालियर
मो. 9977554274

# राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी ने दिलाया पीड़ित बघेल समाज को इंसाफ

**हाथरस।** थाना हसायन क्षेत्र के ग्राम इटरनी में कुछ दबंगों द्वारा अवधेश बघेल पुत्र केंद्रपाल सिंह बघेल से किसी बात को लेकर मारपीट की गई। मामला थाना हसायन तक पहुंचा, शासन की धमक के कारण पुलिस-प्रशासन ने एकतरफा कार्रवाई करते हुए बघेल समाज के लोगों को, जो पीड़ित थे उन्हें थाने में बन्द कर दिया। खबर फैलने पर समाज के नेताओं ने कप्तान व इंस्पेक्टर से बात की तो पुलिस-प्रशासन ने उसी दिन शाम को महिलाओं को छोड़ दिया लेकिन अवधेश का धारा 151 में एकतरफा चालान कर दिया गया। यदि यह बात भी मान ली जाए कि झगड़ा दोनों तरफ से होता है तो फिर चालान दोनों तरफ से होना चाहिए था जो पुलिस ने नहीं किया। इससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह लगता है। पता चला है कि स्थानीय विधायक के दबाव में यह सब कुछ हुआ है जो निंदनीय है। इसी परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी का एक प्रतिनिधि



मण्डल साहब सिंह धनगर भैय्याजी (संस्थापक अध्यक्ष) के नेतृत्व में ग्राम इटरनी पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल में अतर सिंह पाल राष्ट्रीय प्रधान महासचिव, सूरजपाल सिंह कश्यप वरिष्ठ उपाध्यक्ष, भूपेंद्र कुमार धनगर राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा, रविपाल सिंह राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, तोताराम धनगर, डा. राजपाल लोधी जिलाध्यक्ष एटा, सुधीर कुमार धनगर जिलाध्यक्ष मथुरा, सोमबीर सिंह धनगर मथुरा सहित कई अन्य लोग शामिल रहे। अवधेश बघेल और अन्य लोगों से बातचीत करने पर पता चला कि उन्होंने क्षेत्रीय नेताओं और उच्च अधिकारियों से मुलाकात की परन्तु न्याय नहीं मिला, तब परेशान होकर उन्होंने सोशल मीडिया पर घर छोड़ने का पोस्टर डाला। इसके बाद समाज के विभिन्न दलों के नेताओं की सक्रियता बढ़ी, थाने के घेराव की भी चेतावनी दी गई तब जाकर इंस्पेक्टर को लगा कि दूसरे पक्ष के खिलाफ भी अब रिपोर्ट दर्ज करनी पड़ेगी। क्षेत्रीय विधायक को भी पता लगा कि अब मामला तूल पकड़ सकता है जिससे उनका नुकसान हो सकता है। फिर कई बैठकें हुईं। अंत में 28 अगस्त को दोनों पक्षों में समझौता कराया गया। अब विचारणीय प्रश्न यह है कि अगर दोनों तरफ से कार्यवाही नहीं होती तो फैसला नहीं होता। राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी इसका स्वागत करती है कि समाज में सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहे। छोटी-छोटी बातों को नजरअंदाज भी करना चाहिए। यदि बात स्वाभिमान पर आ जाए तो संघर्ष के लिए तैयार रहना चाहिए। साहब सिंह धनगर भैय्याजी ने गांव के लोगों को संबोधित करते कहा कि मैं और राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी आपके साथ हमेशा खड़ी रहेगी। **-अतर सिंह पाल**

# मोती श्रीपाल ने दिलाया पीड़ित परिवार को इंसाफ

**टीकमगढ़।** ग्राम दरी में हुए समाज के मुन्नू लाल पाल के साथ अत्याचार का मुंहतोड़ जवाब देने पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष मोती श्रीपाल ने जिला अस्पताल में पीड़ित परिवार का हाल-चाल जाना और इलाज में लापरवाही के खिलाफ सीएमओ को फटकार लगाई। उन्होंने एडिशनल एसपी एवं एसपी से शिकायत दर्ज करवाई और थाना प्रभारी को साथ लेकर पीड़ित परिवार के घर भी गए। मोती श्रीपाल ने पीड़ित परिवार को सांत्वना प्रदान करते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करवाई। **-राजेश श्रीपाल**



# प्रतिभा इंटरनेशनल स्कूल में रिफॉर्म ट्रस्ट द्वारा 'मेरा अभिमान, मेरा संविधान' कार्यशाला का आयोजन

**मेरठ।** 7 सितंबर को प्रतिभा इंटरनेशनल स्कूल शताब्दी नगर में रिफॉर्म ट्रस्ट के तत्वावधान में नागरिक साक्षरता एवं कानूनी जागरूकता अभियान 'मेरा अभिमान, मेरा संविधान' के अंतर्गत एक विशेष कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों और डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यशाला का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती मीनू पाल, लोकेश पाल एवं रिफॉर्म ट्रस्ट के राहुल कुमार, राम निवास, आलोक कुमार, रवि कुमार और यशी अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संस्था द्वारा प्रकाशित द्विभाषी पॉकेट गाइड 'संविधान भाषा' का निःशुल्क वितरण किया गया। विद्यार्थियों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना, मौलिक अधिकारों तथा आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों (112, 1090, 1930) के बारे में



विस्तार से जानकारी दी गई। साइबर फ्रॉड व सड़क सुरक्षा जैसे विषयों पर महत्वपूर्ण टिप्स साझा किए गए। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती मीनू पाल ने रिफॉर्म ट्रस्ट की इस पहल की सराहना करते हुए कहा, 'विद्यार्थियों में नागरिक कर्तव्यों और संवैधानिक मूल्यों का विकास करना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यह कार्यशाला छात्रों को एक जागरूक नागरिक बनाने में अत्यंत सहायक सिद्ध होगी।' कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र वितरित किए गए तथा देश के प्रति निष्ठा और नागरिक कर्तव्यों के पालन की सामूहिक शपथ दिलाई गई। **-ब्यूरो**

# हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने की प्रधानमंत्री से अपील

**तखतपुर।** आजादी के लगभग 80 वर्ष पूर्ण होने जा रहे हैं और हम आज तक हिंदुस्तान की हिंदी भाषा को राष्ट्रभाषा नहीं बना पाए। हिंदी दिवस के अवसर पर कवि, साहित्यकार, लेखक, पत्रकार, राजनेता आते हैं



और कविता, छंद, दोहा, सोरठा, व्यंग, भाषण पढ़कर चले जाते हैं। नारायण प्रसाद पाली साहित्यकार छत्तीसगढ़ द्वारा प्रधानमंत्री को पत्र प्रेषित कर मांग की गई है कि हिंदुस्तान की मातृभाषा हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाया जाए। उन्होंने राष्ट्र के सभी साहित्यकारों, कवियों, पत्रकारों से भी अपील की है कि हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने के लिए प्रधानमंत्री को अपने-अपने क्षेत्र से पत्राचार करें। **-ब्यूरो**

# हाउस अरेस्ट किए जाने से भड़के डॉ. सत्येंद्र पाल, सरकार पर लगाए आरोप

**मुजफ्फरनगर।** समाजवादी पार्टी के आदेशानुसार जिलाधिकारी कार्यालय परिसर सहारनपुर में प्रस्तावित प्रतिनिधिमंडल में शामिल होने जा रहे डॉ. सत्येंद्र पाल को पुलिस-प्रशासन ने घर पर ही नजरबंद कर दिया। डॉ. सत्येंद्र पाल ने अपने फेसबुक अकाउंट पर जारी पोस्ट में बताया कि 6 सितंबर की सुबह करीब 4 बजे शाहपुर पुलिस ने उन्हें उनके घर पर ही नजरबंद कर दिया, जिसके कारण वह सांसद एवं सपा के राष्ट्रीय महासचिव हरेन्द्र मलिक तथा जिलाध्यक्ष जिया चौधरी के नेतृत्व में सहारनपुर जाने वाले प्रतिनिधिमंडल में शामिल नहीं हो सके। उन्होंने अपनी पोस्ट में कहा कि अगर



इंसाफ की बात करने, सुनने और कहने पर सत्ता की ओर से पाबंदी लगाई जाती है तो इससे साफ है कि सरकार विपक्ष की आवाज से डर रही है। डॉ. सत्येंद्र पाल ने आगे दावा किया कि विपक्षी नेताओं को बार-बार नजरबंद कर डराने की कोशिश की जा रही है। प्रदेश में राजनीतिक परिवर्तन की आहट से सरकार भयभीत है। **-शरद पाल**

# पुष्पांकर पाल भिक्की बने बसपा के सहारनपुर मंडल कोऑर्डिनेटर

**मुजफ्फरनगर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष कुमारी मायावती ने पुष्पांकर पाल भिक्की को बसपा का सहारनपुर मंडल कोऑर्डिनेटर बनाया है। इससे क्षेत्र के पाल समाज में हर्ष व्याप्त है।



उल्लेखनीय है कि पुष्पांकर पाल भिक्की बसपा के टिकट पर शहर विधानसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं। वे जिला पंचायत सदस्य एवं बसपा के जिलाध्यक्ष भी रह चुके हैं। हरिकमल दर्पण परिवार की ओर से उन्हें बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएँ। **-सम्पादक**

# विमुक्त घुमंतु एवं अर्द्धघुमंतु जनजाति महासंघ ने मंत्री को दिया ज्ञापन

**फिरोजाबाद।** राजमाता अहिल्याबाई होल्कर चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारका दिल्ली समिति के महासचिव लेखक दीपसिंह व ट्रस्ट के उपसचिव व विमुक्त घुमंतु एवं अर्द्धघुमंतु जनजाति महासंघ दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बघेल, ट्रस्ट के संगठन मंत्री व एसटीएफ संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष अजयसिंह पाल व विमुक्त घुमंतु एवं अर्द्धघुमंतु जनजाति महासंघ के पश्चिमी दिल्ली जिला अध्यक्ष सुधा पाल सहित पूरी टीम ने दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें धर्मशाला व पुस्तकालय बनवाने के



संबंध में ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन राजमाता अहिल्याबाई होल्कर चैरिटेबल ट्रस्ट, टाइगर फोर्स इंडिया एवं विमुक्त घुमंतु-अर्धघुमंतु जनजाति महासंघ के माध्यम से दिया गया। मंत्री ने उनकी मांगों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया। **-ब्यूरो**

# शिक्षक राजाराम पाल को सेवानिवृत्ति पर बधाई व शुभकामनाएँ दी

**मुम्बई।** एक सच्चे शिक्षक राजाराम पाल की सेवानिवृत्ति के अवसर पर शेफर्ड टाईगर फोर्स इंडिया के महाराष्ट्र प्रदेश प्रभारी शिक्षक अशोक पाल ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर शिक्षक अशोक पाल ने कहा कि राजाराम पाल का कर्तव्य के प्रति समर्पण, संघर्ष, ईमानदारी, अनुभव और सरल व्यक्तित्व सभी के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा। उन्होंने अपने कर्मों से जो सम्मान अर्जित



किया है, वह किसी पद या नौकरी का मोहताज नहीं है। शिक्षक राजाराम पाल को बधाई व शुभकामनाएँ देने वालों में घनश्याम पाल भी शामिल रहे। **-ब्यूरो**

# अंतर्राष्ट्रीय धावक पवन धनगर को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित


**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय धावक पवन धनगर टिकरापारा रायपुर निवासी का सम्मान भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा एवं प्रबुद्ध जन सम्मेलन संभाग स्त्री ने कार्यक्रम का आयोजन कर किया। नारायण प्रसाद पाली (साहित्यकार) एवं समाज के प्रदेश मीडिया प्रभारी निरंजन लाल धनकर ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के संभाग स्तरीय ओबीसी मोर्चा सम्मेलन कार्यक्रम में गडरिया धनगर ढेंगर समाज रायपुर के अंतर्राष्ट्रीय धावक पवन



धनगर को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा सम्मानित किया गया। **-ब्यूरो**

# मुक्तक सम्राट प्रियागी गुरुजी का जन्मदिन मनाया

**प्रयागराज।** 5 सितम्बर को मुक्तक सम्राट प्रयागी गुरुजी का जन्मदिन श्री भोलानाथ पाल इंटर कालेज, पाल नगर सैदपुर में केक काट कर सभी बच्चों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं के बीच बड़े धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के प्रबन्धक वेद प्रकाश पाल जो अपने बाबा के नाम से कालेज स्थापित कर संचालित कर रहे हैं, उनको प्रयागी गुरुजी ने समाज



का विरासत ग्रन्थ 'गोचरों का नेपथ्य' सप्रेम भेंट किया। **-ब्यूरो**

# पंजाब में दो परिवारों की 50 भेड़ें लूटीं, पीड़ितों के पक्ष में बरखा राम ने उठाई आवाज

**चंडीगढ़।** लगभग 18 महीने के लंबे अंतराल के बाद 6 सितंबर की रात को फिर से गड़रिया भेड़ पालक घुमंतू कबीले के दो परिवारों की भेड़ों को डाकू लूटकर ले गए। रंगी राम और उनके भाई की लगभग 50 भेड़ों को मजरा/मजत गाँव (खरड़) के पास से डाकू डाका मारकर ले गए। घटना की जानकारी मिलते ही विमुक्त जाति वेलफेयर बोर्ड पंजाब सरकार के चेयरमैन बरखा राम ने 7 सितंबर को सुबह लगभग 4 बजे मजातु चौकी के एस.एच.ओ. को फोन करके जगाया और उन्हें पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद खरड़ के हलका प्रभारी से भी एस.एच.ओ. को फोन करवाकर मामले में तुरंत कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया। उन्होंने मोहाली के मेयर एवं विधायक के सुपुत्र सरदार सरबजीत से मुलाकात कर



एस.एस.पी. के नाम शिकायत तैयार करवाई। एस.एस.पी. से मुलाकात करके इस मामले में सख्त कार्रवाई करवाने तथा लूटी गई भेड़ों को बरामद करवाने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। बरखा राम ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल किसी एक परिवार की मदद करना नहीं, बल्कि गड़रिया भेड़-बकरी पालक घुमंतू समाज के हर परिवार के दर्द और तकलीफ को कम करना है। उन्होंने समाज के लोगों से अपील की कि एकजुट रहें, संगठित रहें और अपने समाज के हर जरूरतमंद परिवार के साथ खड़े रहें। **-ब्यूरो**

# श्यामलाल पाल के खिलाफ टिप्पणी से सपा व पाल समाज में भारी रोष, मलूक नागर के खिलाफ कई जिलों में प्रदर्शन







**मेरठ।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के खिलाफ रालोद नेता व पूर्व सांसद मलूक नागर की टिप्पणी से सपा नेताओं के साथ ही पाल समाज में भी भारी रोष व्याप्त है। प्रदेश के कई जिलों में मलूक नागर के खिलाफ प्रदर्शन कर उनसे माफी मांगने की मांग की गई है। मुजफ्फरनगर में 4 सितंबर को सपा शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र पाल के नेतृत्व में सपाइयों ने मलूक नागर के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने पहले पोस्टर पर जूते बरसाए और फिर उसे आग के हवाले कर अपना गुस्सा जाहिर किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं में खासा आक्रोश दिखाई दिया। नेताओं ने कहा कि राजनीतिक विरोध अपनी जगह है, लेकिन सपा प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पोस्टर दहन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर मलूक नागर के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान रामपाल सिंह पाल, पवन पाल, अनुराग पाल, दुर्गेश पाल, प्रमोद पाल, रवि धनगर, रविंद्र पाल, किशोरी लाल, आनंद धनगर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बदायूं में रालोद नेता व पूर्व सांसद मलूक नागर द्वारा समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के खिलाफ की गई अभद्र एवं अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया तथा जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। प्रदर्शनकारियों ने बाद में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को भी ज्ञापन दिया। ज्ञापन में मांग की गई कि मलूक नागर के खिलाफ सामाजिक विद्वेष फैलाने और मानहानि के तहत उचित कानूनी धाराओं में मामला दर्ज कर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। प्रदर्शनकारियों में प्रदीप पाल, टीटू पाल, रक्षपाल पाल पूर्व प्रधान, सुनीता पाल, मोदप्रकाश पाल, अर्जुन पाल, प्रशांत पाल, संजीव कुमार एडवोकेट, शिवम पाल, हरिओम पाल, प्रिंस पाल, विवेक मोहन पाल, प्रेम सिंह पाल, लक्ष्मण सिंह पाल, सतेंद्र पाल एडवोकेट, प्रदीप पाल आदि शामिल रहे।

बिजनौर में भी पूर्व सांसद मलूक नागर की श्यामलाल पाल को लेकर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी पर पाल और धनगर समाज में नाराजगी देखने को मिली। समाज के लोगों ने बैठक कर सार्वजनिक माफी की मांग की और माफी नहीं मांगने पर आंदोलन को व्यापक करने की चेतावनी दी।

# संजीव पाल का भव्य स्वागत किया जाएगा 13 सितंबर को



**मेरठ।** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) द्वारा मेरठ कैंट विधानसभा प्रभारी बनाए जाने पर संजीव पाल का अखिल भारतीय पाल महासभा मेरठ व युवा पाल महासभा मेरठ द्वारा स्वागत समारोह श्यामजी फार्म हाउस, मवाना रोड, बक्सर, हनुमान मंदिर के सामने 13 सितंबर को प्रातः 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। अखिल भारतीय पाल महासभा मेरठ के जिला अध्यक्ष सत्यप्रकाश पाल एवं युवा जिला अध्यक्ष दीपक पाल ने उक्त जानकारी दी। उन्होंने समाज के लोगों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में समारोह में उपस्थित होकर अपनी शक्ति का प्रदर्शन करें। समारोह को भव्य बनाने के लिए जोरदार प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। **-ब्यूरो**




## मेरठ में हरिकमल दर्पण के सदस्य बनने, समाचार, लेख, विज्ञापन आदि देने के लिए आप हमारे संरक्षकों से भी सम्पर्क कर सकते हैं–

1. **श्री कृपाल सिंह पाल** (राष्ट्रीय सचिव, अ.भा. पाल महासभा)
   142, ऋषिपुरम, रोहटा रोड, मेरठ। मो0 9997933726
2. **सूबेदार हरपाल सिंह पाल** (पूर्व महासचिव , अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
   638/50, न्यू सैनिक कॉलोनी, खिर्वा रोड, कंकरखेड़ा, मेरठ कैन्ट। मो0 9758196520
3. **श्री रमेश चन्द पाल**, पार्षद पति (संरक्षक, अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
   पाल धर्मशाला, रिठानी, मेरठ। मो0 9457033344
4. **एडवोकेट रामकरण सिंह पाल** (कानूनी सलाहकार , अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
   ग्राम–घाट, डॉ0–पाँचली खुर्द, जिला मेरठ। मो0 8630647665
5. **श्री जयपाल सिंह पाल**, (पूर्व पार्षद एवं पूर्व अध्यक्ष अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
   सुमित्रा देवी पब्लिक स्कूल, मोहकमपुर, मेरठ। मो0 9319949709
6. **श्री सत्यपाल कलंजरी** (अध्यक्ष, अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
   कार्यालय : प्लॉट नं0 11, सेक्टर–6–1, पैंठ रोड, शताब्दी नगर, मेरठ।
   निवास : बी–228, सेक्टर–1, शताब्दी नगर, मेरठ। मो0 9837182284
7. **श्री महेन्द्र पाल (मिर्ची)** (उपाध्यक्ष, अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
   प्रतिष्ठानः कृष्णा ट्रेडिंग कंपनी, 75, गडोदिया मार्केट फर्स्ट फ्लोर, खारी बावली, दिल्ली–6
   निवासः 50/7, रामप्रस्थ ग्रीन, वैशाली, गाजियाबाद। मो. 8766371312, 8057545916
8. **श्री अमित कुमार पाल** (मेरठ महानगर अध्यक्ष, शेफर्ड इंडिया इंटरनेशनल)
   दुकान : शॉप नं0 2, कला मंदिर वाली गली, पैंठ एरिया, लालकुर्ती,मेरठ कैंट।
   निवास : 121/14, प्रगति नगर, दयावती एकाडेमी वाली गली, मेरठ। मो0 9927880107
9. **ठेकेदार कमल पाल सिंह** (मेरठ मंडल महासचिव, शेफर्ड इंडिया इंटरनेशनल)
   377, नई गोविन्दपुरी, कंकरखेड़ा, मेरठ कैन्ट । मो0 8006567896
10. **श्री दीपक पाल** ( अध्यक्ष, अ.भा. युवा पाल महासभा मेरठ)
    दुकानः पाल साड़ी महल, मैन मार्किट, गोलाबढ़, रोहटा रोड, मेरठ।
    निवासः ग्राम खड़ौली, मेरठ। मो0 9897876137

## निःशुल्क कानूनी सलाह लें!

पाल समाज के व्यक्तियों के लिए 'हरिकमल दर्पण' निःशुल्क कानूनी सलाह की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। इसके लिए सम्पर्क करें–

1. **श्री राजकुमार सिंह पाल एडवोकेट,**
   सी–10, पांडव नगर, मेरठ। मो0 9837474234
2. **श्री रामकरण पाल एडवोकेट**
   ग्राम–घाट, डा0–पाँचली खुर्द, मेरठ। मो0 8630647665
3. **श्री महेन्द्र कुमार पाल एडवोकेट**
   ए–20/3, रॉयल पार्क, पल्लवपुरम फेस 1, मेरठ। मो0 8954682770
4. **श्री मेहर सिंह पाल एडवोकेट**
   721, नंगलाताशी, कंकरखेड़ा मेरठ कैंट। मो. 9259444219
5. **श्री सत्येन्द्र कुमार पाल एडवोकेट**
   हाईकोर्ट सीट नं0 80, अम्बेडकर हॉल, न्यू लाईब्रेरी के नीचे, हाईकोर्ट, इलाहाबाद।
   कार्यालयः 40–ए, धर्मवीर मार्ग, सुलेम सराय, इलाहाबाद। मो0 7668937169, 9451506915
6. **श्री लखमी चंद पाल एडवोकेट**
   383, पर्वतीया कॉलोनी, एन.आई.टी, फरीदाबाद। मो. 9811444654
7. **एडवोकेट नीरज पाल**
   फ्लैट नम्बर 1 बी, डी.आई.जेड एरिया, ब्लॉक 50, सेक्टर 2, काली बाड़ी मार्ग,
   कनॉट प्लेस, दिल्ली–110001, मो.9911752988
8. **श्री सुभाष पाल एडवोकेट**
   पाल सेवा समाज, एस.आर. मॉडर्न स्कूल एंड एजुकेशन, CPJ 2nd, 59 न्यू सीलमपुर, दिल्ली–110053,
   मो. 9818744044, 8700153018 (WWW.PAL333.COM)
9. **श्री राजीव कुमार पाल एडवोकेट**
   चैंबर नं.19, हाईकोर्ट, प्रयागराज, मो. 9368267447,8533029001
10. **एडवोकेट विवेक पाल 'टाइगर'**
    टेबिल नंबर 8, ओल्ड लाइब्रेरी, उत्तरी बरामदा, हाईकोर्ट, इलाहाबाद, मो. 9559695244, 8181859252

## हमारे जनपद प्रतिनिधि

1. **गाजियाबाद में** श्री बी.के.एस. पाल मो. 9650577367
2. **गौतमबुद्धनगर में** श्री रमेश पाल खोदना मो. 9899261957
3. **अलीगढ़ में** श्री योगेश कुमार सिंह पाल मो. 9412593896
4. **लखीमपुर खीरी में** श्री अमित पाल धनगर मो. 9621968244
5. **रीवा (मध्य प्रदेश) में** श्री मोती लाल पाल मो. 9584634770
6. **गुड़गांव (हरियाणा) में** श्री राम नरेश पाल, मो. 9810967600
7. **लखनऊ में** श्री पी.के. सिंह पाल मो. 9839423719; श्री बिंदेश्वरी प्रसाद पाल मो. 9450503655
8. **सोनीपत (हरियाणा) में** श्री फत्ते सिंह पाल मो. 8816867995
9. **भोपाल में** श्री नर्मदा प्रसाद पाल मो. 9993090768
10. **भागलपुर में** श्री मनमोहन लाल पाल मो. 8004924005
11. **जौनपुर में** श्री नीलम विकास पाल मो. 8957422574
12. **हरदोई में** श्री अमित सिंह पाल मो. 8887655467
13. **इटावा में** श्रीमती विनीता पाल मो. 9891741859
14. **औरैया में** श्री मनीष पाल मो. 9758562193
15. **ललितपुर में** श्री इन्द्रपाल सिंह मो. 9695037944, 9793791944; श्री रामेश्वर पाल सिमिरिया मो. 9889577860
16. **इंदौर में** श्री दिनेश पाल मो. 8889363636
17. **जबलपुर में** श्री अनिल धनगर मो. 9165202780
18. **फरीदाबाद में** श्री देवेन्द्र कुमार होलकर मो. 9910813294
19. **फर्रुखाबाद में** श्री आवेश पाल मो. 8887698240, 9956966596
20. **मुजफ्फरनगर में** श्री शरद पाल उर्फ अभिषेक मो. 9690501498
21. **कन्नौज में** श्री राघवेन्द्र कुमार पाल मो. 708583085
22. **शाहजहाँपुर में** श्री के.पी. सिंह मो. 8840196328
23. **कौशाम्बी में** श्री श्याम कुमार पाल मो. 9621055595
24. **पलवल में** श्री नरेश कुमार बघेल मो. 8053024093; प्रोफेसर (इंजी.) भजनलाल हंस बघेल मो. 9588523484
25. **मऊ में** श्री हरिश्चंद पाल मो. 9454728541
26. **फिरोजाबाद में** श्री अनूप कुमार बघेल मो. 9557673320
27. **बिजनौर में** श्री ब्रजपाल धनगर पत्रकार मो. 9927622327, 8840524330
28. **मथुरा में** श्री संजय धनगर मो. 9412661310
29. **अयोध्या में** श्री अंजनी कुमार पाल मो. 9839500920
30. **ठाणे में** श्री अनुराग राजनरायन पाल मो. 8898985378
31. **हापुड़ में** श्री संजय पाल धनगर मो. 8868894986, 9811410592
32. **छतरपुर में** श्री रूपेन्द्र पाल मो. 9977727589, 9926102284
33. **आगरा में** श्री हरिओम बघेल (बग्गी) मो. 9411258358
34. **वाराणसी में** श्री इन्द्रदेव पाल मो. 8574027460
35. **उज्जैन में** श्री नरेन्द्र पाल मो. 9074404421
36. **देवरिया में** श्री सूरज प्रसाद पाल मो. 9415384697
37. **उन्नाव में** श्री जगदीश प्रसाद पाल मो. 9794866822, 9452036460
38. **मुरादाबाद में** श्री प्रदीप कुमार सिंह पाल मो. 9917558093,
39. **प्रतापगढ़ में** श्री धर्मेन्द्र कुमार पाल मो. 9919077729, 9621073200
40. **गोडा में** श्री मुखराम पाल मो. 9455453381, 9457341699
41. **भदोही में** श्री रवि प्रकाश पाल मो. 9451013781, 6394188797
42. **सीतापुर में** श्री आदित्य प्रकाश पाल मो. 9695207197
43. **पुणे में** श्री रणवीर सिंह बघेल मो. 9423245315
44. **बीकानेर में** श्री देवेन्द्र पाल सिंह मो. 9950564478
45. **प्रयागराज में** डॉ. कुमार रमेश मो. 8887957618
46. **लुधियाना में** डॉ. साधू राम पाल मो. 9888100609
47. **फिरोजाबाद में** श्री पहुंची लाल धनगर मो. 8755812543
48. **हाथरस में** श्री लाखन सिंह बघेल मो.9811748774
49. **चित्रकूट में** श्री शत्रुघन प्रताप पाल मो. 7991440776

### लोकमाता रानी अहिल्याबाई होल्कर विचार मंच की बैठक

# रोहिणी आयोग व जस्टिस राघवेंद्र सिंह सामाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट लागू करने की मांग

**लखनऊ।** 9 सितंबर को प्रेस क्लब हजरतगंज में प्रेस वार्ता/संगोष्ठी का आयोजन लोकमाता रानी अहिल्याबाई होल्कर विचार मंच के तत्वावधान में किया गया जिसमें ओबीसी के भीतर आरक्षण के समान वितरण, अति पिछड़े वर्गों के प्रतिनिधित्व तथा सामाजिक न्याय से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में मांग की गई कि संविधान के अनुच्छेद 340 के तहत गठित रोहिणी आयोग की सिफारिशों को लागू करते हुए ओबीसी आरक्षण के लाभों का समान वितरण सुनिश्चित किया जाए। वक्ताओं ने कहा कि आयोग के अध्ययन में ओबीसी के भीतर आरक्षण के लाभ के असमान वितरण की स्थिति सामने आई है। बड़ी संख्या में ओबीसी समुदायों को नौकरियों एवं शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण का पर्याप्त लाभ नहीं मिल पाया है। प्रतिनिधियों ने जस्टिस राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में गठित सामाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट को लागू करने, पिछड़े वर्गों के लिए बैकलॉग कोटा शीघ्र भरने तथा अति पिछड़ी जातियों को सरकारी आयोगों, निगमों, विभागों, बोर्डों एवं समितियों में 40 प्रतिशत समुचित प्रतिनिधित्व देने की मांग की। इसके साथ



ही बिहार की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनावों में अनुच्छेद 243(डी)(6) तथा नगर निकाय चुनावों में अनुच्छेद 243(टी)(6) के अंतर्गत आरक्षण व्यवस्था लागू करने की मांग रखी गई। वक्ताओं ने कहा कि सामाजिक न्याय तभी सार्थक होगा जब आरक्षण का लाभ समाज के उन समुदायों तक पहुंचे जो लंबे समय से इससे वंचित हैं। इसके लिए जातिवार आंकड़ों, वैज्ञानिक अध्ययन और पारदर्शी उप-वर्गीकरण की आवश्यकता है। बैठक में आर.डी. पाल, राजेश कुमार पाल, संतोष पाल, कैलाशनाथ निषाद, रामाधार पाल, आर.जी. पाल, फूल चंद्र पाल, संजय पाल, अशोक कुमार, मुकेश निषाद, कप्तान सिंह पाल, रमेश पाल, अजय पाल, सतीश दीक्षित, हरबंश सिंह सहित अनेक सामाजिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। **-ब्यूरो**

# अहमदाबाद में हुआ तेजस्वी विद्यार्थियों का सम्मान

**अहमदाबाद।** ऑल इंडिया धनगर समाज महासंघ की ओर से द्वितीय परिचय सम्मेलन तथा तृतीय तेजस्वी विद्यार्थी सम्मान समारोह निकोल क्षेत्र स्थित वीर शहीद मंगल पाण्डे हॉल में किया गया। इस कार्यक्रम की अगुवाई राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंद्रशेखर धनगर ने की। समारोह में राष्ट्रीय कार्यकारिणी दिल्ली से राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय पाल धनगर, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष निरंजन सिंह धनगर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज धनगर, बीरसिंह धनगर, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष निहाल सिंह धनगर तथा राष्ट्रीय सचिव दिनेश धनगर की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान गुजरात की प्रदेश कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। समारोह में अतिथियों ने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक शिक्षा हासिल करने के लिए प्रेरित किया। समारोह में बापूनगर के विधायक दिनेश सिंह कुशवाह, अमराईवाडी वॉर्ड के पार्षद तेजेंद्र सिंह चौहान, डॉ. राकेश सक्सेना, शीतल विष्णु शर्मा और रिक्रिएशन समिति की डिप्टी चेयरमैन रेखा देसाई मौजूद रहीं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के प्रतिभावान



विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना और समाज के संगठन को मजबूत बनाना रहा। समारोह में समाज के संगठनात्मक विकास पर चर्चा की गई। **-ब्यूरो**

## मेरठ में 'हरिकमल दर्पण' अब यहाँ भी उपलब्ध

- **पाल बुक सेंटर** रेलवे रोड चौराहा, मेरठ
- **पाल जनरल स्टोर** 467, प्रभात नगर, मेरठ
- **अमित डेयरी एण्ड कन्फैक्शनरी** सी-46, श्रद्धापुरी फेस-2, कंकरखेड़ा, मेरठ
- **सिद्धबली प्रोपर्टीज** ग्राम-गोकुलपुर, गढ़ रोड, मेरठ

## कारखानों से निकला धुआँ!

कारखानों से निकला धुआँ,
शहरों का गंदा पानी!
लील रहे ये हवा भूमि जल,
गटक रहे जिंदगानी!!
जंगल को संरक्षण दीजे,
साँसों को ताजगी
धन-सम्पदा सफाया करना,
लाएगी त्रासदी
पर्यावरण की चीखों में है,
हम-सब की मनमानी!
